निर्देश | समिति नवेगांव, आरंभा, भेण्डारा, दीनी, बेनी, लड़सड़ा ,मेण्डकी को स्पष्टीकरण देने के निर्देश

# कम वसूली पर सीईओ ने लगाई फटकार

**नवभारत, बालाघाट।** मृणाल मीना कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक के मार्गदर्शन में जिले में कालातीत एवं अकालातीत ऋणो की वसूली का कार्य प्रारंभ है। जिसको लेकर 03 जून को अभिनव सिंह बघेल ने डोंगरमाली शाखा अंतर्गत समिति लड़सड़ा का औचक निरीक्षण कर डिमांड के अनुरूप वसूली की समीक्षा किया गया। इस दौरान समिति में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर नही पाये जाने पर समिति के दो कर्मचारियों को अवैतनिक किये जाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान पीओएस मशीन से खाद वितरण का मिलान किया गया तथा खाद स्टॉक को चैक किया गया। जहां खाद का स्टॉक सही पाया गया। इसके अलावा श्री बघेल ने सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुए नये सदस्यों को नियमानुसार लाभ प्रदाय किये जाने के निर्देश दिए गए तथा शाखा डोंगरमाली पहुंचकर उन्होने अन्य समितियों के वसूली की गहन समीक्षा में पाया गया कि पैक्स समिति नवेगांव, आरंभा, भेण्डारा, दीनी, बेनी, लड़सड़ा, मेण्डकी की वसूली गत वर्ष की अपेक्षा कम वसूली को लेकर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए गए तथा उपस्थित कर्मचारियों को कम वसूली को लेकर फटकार लगाई गई। जबकि श्री बघेल द्वारा निरीक्षण के दौरान समिति डोंगरमाली की वसूली लक्ष्य के अनुरूप किये जाने पर समिति कर्मचारियों के कार्यो की प्रशंसा की गई उन्हे निर्देश दिए गए कि वसूली कार्य में और गति लाये। इसी तारतम्य में श्री बघेल सीईओ ने शाखा खैरलांजी और रामपायली पहुंचकर सदस्यता अभियान, कालातीत और अकालातीत, पशुपालन केसीसी, मत्स्य पालन केसीसी और मध्यमकालीन ऋण, ईआरपी, सीबीएस आदि बैंकिंग कार्यो की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने कहा कि वर्तमान में वसूली का सीजन प्रारंभ है ऐसे में तय समय सीमा में समिति के कर्मचारी प्रतिदिन वसूली कार्य में तत्परता लाये ताकि प्रदाय लक्ष्य अनुसार वसूली की जा सके। श्री बघेल ने समितियों के साफ-सफाई को लेकर निर्देश दिए और उपस्थित किसानों से भी चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान शाखा प्रबंधक आई.आर. भगत रामपायली, मुकेश ठाकरे खैरलांजी, जयकुमार नंदनवार डोंगरमाली, एस.डी. अंकर, विनोद बिसेन सहित समिति के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत मेंहदीवाड़ा में जिला पंचायत सम्राट सरस्वर अध्यक्ष का औचक निरीक्षण, अधिकारियों को लगाई फटकार

**नवभारत, वारासिवनी।** ग्राम पंचायत मेंहदीवाड़ा में उस समय प्रशासनिक हलचल तेज हो गई जब जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार ने पंचायत का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंचायत की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

ग्रामीणों ने पंचायत क्षेत्र में लंबे समय से लंबित विभिन्न समस्याओं और विकास कार्यों में आ रही बाधाओं की जानकारी जिला पंचायत अध्यक्ष को दी। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए श्री सरसवार ने संबंधित अधिकारियों से तत्काल चर्चा की और स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण नियमानुसार एवं समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है तथा जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए भटकना नहीं पड़ना चाहिए।

श्री सरसवार ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शिकायतों के समाधान में अनावश्यक देरी या लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि ग्रामीणों के हितों से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर जिला पंचायत पूरी गंभीरता के साथ कार्य करेगी।

जिला पंचायत अध्यक्ष के इस औचक निरीक्षण से पंचायत अमले में हड़कंप की स्थिति रही, वहीं ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि अब उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा और क्षेत्र के विकास कार्यों को गति मिलेगी।

## जिला स्तरीय बैंकर्स एवं परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय बैंकर्स समिति (डीएलसीसी) एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलआरसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत बैंकों को प्रेषित ऋण प्रकरणों, उनकी स्वीकृति एवं ऋण वितरण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री संजीव कुमार, विभिन्न बैंकों के जिला समन्वय अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि शासन की स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण संबंधी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाना सभी विभागों एवं बैंकों की संयुक्त जिम्मेदारी है।

# विद्युत विभाग बिजली व्यवस्था को लेकर कितना गंभीर, जांच का विषय

**नवभारत, बालाघाट।** विद्युत् विभाग विद्युत् व्यवस्था को लेकर कितना गंभीर हैं इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता हैं कि घरेलू लाइट के लिए लगे विद्युत् पोल 60 डिग्री तक झुके नजर आते हैं, वहीं इलेवन के वी के विद्युत् पोल खेतो मेँ इतने ज्यादा झुक चुके हैं कि किसानो को किसी अप्रिय घटना घटने की चिंता सता रही हैं, ऐसे झुके हुए विद्युत् पोल ना सिर्फ कभी भी गिर सकते हैं बल्कि वर्तमान मेँ किसानो को धान हरवेस्टिंग कार्य मेँ दिक्कत पैदा कर रहे हैं द्य टेमा गाँव के किसान ज्ञानी कुराहे नें बताया कि उसके खेत मेँ और अन्य किसानो के खेतो मेँ इलेवन के वी के विद्युत् पोल तिरछे होने से उसे टेक्टर जूताई करने, एवं धान हरवेस्टिंग करने मेँ दिक्कत हों रही हैं, और सबसे बड़ी चिंता इस बात की हैं कि तिरछे विद्युत् पोल खेती कार्य के दौरान कभी भी गिर सकते हैं जिसके कारण जान माल का नुकसान होने क़ी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता द्य विद्युत् पोलो क़ीऐसी स्थिति अनेक गावों मेँ हैं, ग्रामीण समय समय पर वियुत विभाग अधिकारियो को इस समस्या से अवगत कराते रहे हैं लेकिन विभाग द्वारा इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा हैं, द्य विद्युत् विभाग क़ी लापरवाही के कारण लाँजी ब्लॉक के अनेको स्थानों मेँ जनहानि एवं पशू हानि क़ी घटनाये घटित हों चुकी हैं, कभी झूलते हुए डायरेक्ट विद्युत् तारों के सम्पर्क मेँ आने से तों कभी विद्युत् पोल अर्थिंग मेँ करेंट आने से जान माल का नुकसान ग्रामीणों को उठाना पड़ा हैं द्य बताया जाता हैं कि विद्युत् विभाग का अमला हमेशा पेट्रोलिंग के नाम पर भारी विद्युत् कटौती तों करता हैं लेकिन ऐसी समस्या उनके नजर मेँ क्यों नहीं आती और इन समस्याओ को गंभीरता से क्यों नहीं लिया जाता जाँच का विषय हैं।

# सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा दी गई विदाई एवं किया सम्मान

**नवभारत, बालाघाट।** पुलिस अधीक्षक बालाघाट श्री आदित्य मिश्रा द्वारा माह मार्च, अप्रैल एवं मई 2026 में सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को उनके परिजनों तथा पुलिस परिवार की उपस्थिति में सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का पुष्पमाला, शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपने लंबे सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए पुलिस विभाग में बिताए गए महत्वपूर्ण क्षणों को याद किया। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान प्राप्त अनुभवों, चुनौतियों तथा उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। कई अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अपनी सेवाओं के दौरान किए गए कार्यों एवं उस समय की परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार पुलिस विभाग ने उन्हें समाज एवं राष्ट्र सेवा का अवसर प्रदान किया। उन्होंने पुलिस विभाग का हिस्सा बनने को अपने जीवन का गौरवपूर्ण अध्याय बताया।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी सेवानिवृत्त साथियों के साथ बिताए गए अनुभव साझा किए तथा उनके योगदान की सराहना की। समारोह के दौरान उपस्थित परिजनों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए विभाग द्वारा दिए गए सम्मान एवं आत्मीयता के लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल अभियान, रक्षित निरीक्षक बालाघाट सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण एवं सेवाओं की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना की।

पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस विभाग में कार्यरत प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी विभाग की अमूल्य धरोहर होता है। सेवानिवृत्ति केवल शासकीय सेवा का समापन है, लेकिन विभाग एवं पुलिस परिवार से उनका संबंध सदैव बना रहेगा। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वस्थ, सुखी एवं शांतिपूर्ण जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भविष्य में किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर जिला पुलिस बालाघाट सदैव उनके सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए उपलब्ध रहेगी।

उन्होंने यह भी आग्रह किया कि पुलिस विभाग में अर्जित अपने अनुभव एवं ज्ञान को समय-समय पर विभाग के साथ साझा करते रहें, ताकि नई पीढ़ी के पुलिसकर्मी उनके अनुभवों से प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम का समापन सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की मंगलकामनाओं के साथ किया गया।

# फर्जी शिकायतों और धमकियों से परेशान विकलांग पत्रकार सदानंद द्विवेदी

**नवभारत , बालाघाट।** नगर में कथित फर्जी शिकायतों और लगातार मानसिक प्रताडना के आरोपों को लेकर एक नया मामला सामने आया हैं। लामता निवासी एवं दिव्यांग नवभारत के प्रतिनिधि सदानंद द्विवेदी ने आरोप लगाया है कि आनंद असाटी द्वारा पांडेवाड़ा और रयैत के आदिवासियों को मौहरा बनाकर कलेक्ट्रट कार्यालय में शिकायत की गई थीं यहीं नहीं उन्हें लंबे समय से विभिन्न तरीकों से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

सदानंद द्विवेदी ने बताया कि वह वार्ड क्रमांक 8 लामता में सतीश कुमार असाटी के मकान में निवास करते हैं तथा उनके परिवार की कृषि भूमि की देखरेख भी करते हैं। उनका आरोप है कि पिछले लगभग एक वर्ष से आनंद असाटी द्वारा उन्हें बार-बार मकान खाली करने, भूमि की देखरेख बंद करने तथा जमीन में हिस्सा देने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ऐसा नहीं करने पर उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी दी जाती हैं, जिसको लेकर उन्होने तहसीलदार लामता व थाना प्रभारी लामता में भी शिकायत दी हैं।

पीड़ित ने बताया कि वह दिव्यांग होने के साथ-साथ बीपी और शुगर जैसी बीमारियों से भी पीड़ित हैं। लगातार मिल रही कथित धमकियों और शिकायतों के कारण उनका पूरा परिवार मानसिक तनाव में है। उन्होंने कहा कि स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि परिवार आत्मघाती कदम उठाने जैसी बातें करने को मजबूर हो रहा है।

### जमीन विवाद क्यों जानिए

मिली जानकारी अनुसार, लामता के कुछ असाटी परिवार आजादी के पूर्व में ही लामता में निवास स्थान बनाए। बटईलाल असाटी नामक लामता निवासी व्यक्ति चार पुत्र मुरलीधार असाटी(विधायक), मुलायम, कुंज बिहारी और शिवनारायण व एक पुत्री सारदा असाटी थीं। उक्त बटईलाल असाटी की लामता के आसपास चार से पांच गांव में 500 एकड़ भूमि होना बताया गया, जिसने अपनी पुत्री सारदा बाई असाटी को पाड़ेवाड़ा और रैयत में 40 एकड़ भूमि नाम करावा दिए जो आज भूमि उनके पुत्र धनश्याम आसाटी के पुत्र सतीश, सुनिल और रजनीश के नाम पर बताई जा रहीं हैं जो अब गोंदिया महाराष्ट्र में निवास कर रहें हैं। वहीं बटईलाल के पुत्र शिवनारायण के आठ पुत्र थे जिससे आंनद असाटी भी हैं। अब आरोप हैं कि आंनद असाटी के द्वारा ही आदिवासियों के हाथों शिकायत कर सदानंद द्विवेदी को परेशान किया जा रहा हैं।

### पीएम आवास निर्माण की थीं शिकायत

सदानंद द्विवेदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े मामले का भी उल्लेख किया। उनका कहना है कि मार्च 2025 में पीएम आवास की पहली किस्त स्वीकृत हो चुकी थी तथा पंचायत द्वारा संबंधित खसरा नंबर पर प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया गया था। उन्होंने दावा किया कि निर्माण स्थल की साफ-सफाई एवं अन्य प्रारंभिक कार्य भी कर लिए गए थे, लेकिन आनंद असाटी की शिकायत के बाद आवास निर्माण की प्रक्रिया रोक दी गई। उन्होंने बताया कि इस संबंध में 181 सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई गई थी, जो लगभग ढाई सौ दिनों तक लंबित रही। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत वापस लेने के लिए उन पर दबाव बनाया गया, जिसके बाद उन्होंने शिकायत वापस ले ली। उन्होंने कहा कि जिनके पास स्वयं का घर नहीं होता, वे ही इस पीड़ा को समझ सकते हैं कि आवास स्वीकृत होने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू न हो सके।

# कॉलोनी में सडक, बिजली के तारों की उंचाई जैसी प्रमुख समस्याओं के समाधान मे पूर्व मंत्री जायसवाल और अध्यक्ष सरिता दांदरे ने दिखायी गंभीरता

### जनता दरबार में प्राय : सभी वार्डो के निवासियों ने आकर विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिये दिखाई जागरूकता

**नवभारत, वारासिवनी।** नगर पालिका परिषद के द्वारा निरतंर रूप से आयोजित जनता दरबार मे आज मंगलवार को भी पुरे 15 वार्डो की जनता ने आकर अपनी समस्याओ से अवगत कराया। इन समस्याओ के समाधान के लिये पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल,नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, मुख्य अधिकारी सूर्यप्रकाश उके आदि ने समाधान की दिशा मे गंभीरता भी दिखायी। गौरतलब है की बढते जनविश्वास के कारण जनता दरबार मे पुरे समय भारी भीड भी देखी गयी।

जनता दरबार मे आज आदिशक्ती ले आउट मे नाली व सडक की समस्या से वार्डवासीयो ने अवगत कराकर समाधान की मांग की। सर्वश्री संजय रूसिया, धीरेन्द्र रूसिया, ज्योति बिसेन, नेहा बिसेन, प्रदीप राठौर, प्रदीप जैन, आनंद जैन आदि ने बताया की उनकी कालोनी मे नाली व सडक बनाने का वादा कालोनाईजर के द्वारा किया गया था। किंतू ऐसा नही करने के कारण अब उन्हे नपा परिषद से ही इन विकास कार्यो को कराने की उम्मीद कायम है।

इस समस्या को गंभीरता से लेकर वार्डवासीयो को कालोनाइजर से संपर्क कर इन विकास कार्यो को कराने की सलाह दी गयी है। साथ ही इस अवैध कालोनी पर विकास कार्य नही कराने पर नपा परिषद द्वारा कार्यवाही कराने की सोच भी सभी के सामने रख दी गयी है।

इसी तरह इंतेजामिया कमेटी जामा मज्जिद मुस्लिम जमात की ओर से अध्यक्ष इकबाल खान, अब्दुल रहमान खान व टीम ने कब्रस्तान मे हाईमास्क व शादी हाल मे किचन सेट लगवाने का आवेदन पेश किया। जिस पर इन कार्यो के लिये नपा ने प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन प्रदान किया है।

इसी तरह नगर मे लगे सीसीटीवी कैमरे के कंटोल रूप मे एक पार्ट के गर्मी के कारण खराब होने पर उसे तत्काल बदलवाने के निर्देश भी संबधित अधिकारी को प्रदान किये गये है। साथ ही वार्ड 14 मे नाली की समस्या,वार्ड 3 मे सीसी रोड व पक्की नाली व चंदौरी आंगनवाडी केन्द्र की एक समस्या के समाधान के लिये आवेदको को आश्वस्त भी किया गया है।

जनता दरबार मे सम्राट नगर वार्ड एक शास्त्री मार्ग के निवासीयो ने शिकायती आवेदन मे बताया की नहर के किनारे से 11केवी और 33 केवी के बिजली के तार नीचे की ओर झुक गये है। जिससे दुर्घटना होने का अंदेशा बन गया है। अत बिजली के पोल को लगाकर इन तारो की उंचाई बडाना बेहद जरूरी है।

नपा परिषद मे आज पूर्व मे लगे जनता दरबार की सूचीबद्ध की गयी समस्याओ के समाधान की समीक्षा की गयी। वही पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के द्वारा प्रतिदिन शाम के समय स्कूटी से नागरिको से की गयी सौजन्य मुलाकात मे रायशुमारी के दौरान सामने आयी समस्याओ के समाधान के विषय मे भी तत्परता दिखायी गयी। जनता दरबार मे आज पार्षदो मे धर्मू जोशी, पवन धूर्व, प्रवीण डोंगरे, मनोज दांदरे, प्रवीण रूसिया, मुख्य अधिकारी सुर्यप्रकाश उके, उपंयत्री सुमीत मोटवानी, वंशिका चौहान व विभागो के प्रभारी के साथ नपा का पुरा अमला उपस्थित भी रहा।

# काव्य गोष्ठी के माध्यम से मरहूम शायरों डॉ . बशीर बद्र एवं अनुज तिवारी 'गोविन्द' को दी गई श्रद्धांजलि

**नवभारत, बालाघाट।** मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन, इकाई बालाघाट के तत्वावधान में देश के नामी शायर मरहूम पद्मश्री डॉ. बशीर बद्र एवं मरहूम शायर जनाब अनुज तिवारी 'गोविन्द' की स्मृति में 'यादें...' श्रद्धांजलि एवं संस्मरणात्मक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम रविवार, 31 मई 2026 को सुप्रसिद्ध गीतकार श्री ब्रजेश हजारी के निवास, पवार मंगल भवन के पीछे, बालाघाट में उन्हीं की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिवंगत अनुज गोविन्द जी की दीदी श्रीमती नीलिमा तिवारी जी (सेवानिवृत्त महिला एवं बाल विकास अधिकारी) रहीं।

गोष्ठी की परिकल्पना, सूत्रधार एवं संचालन कविवर श्री कुंजकिशोर विरुरकर, जिला अध्यक्ष म.प्र. हिंदी साहित्य सम्मेलन बालाघाट, द्वारा दोनों ही शायरों की बेहतरीन यादों के साथ किया गया। अनुज गोविन्द जी के साथ जुड़े साहित्यकारों ने उनके साथ व्यतीत किए पलों को साझा करते हुए गीत, ग़ज़ल के माध्यम से कविता पाठ किया तथा दोनों दिवंगत शायरों के जीवनवृत्त पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर बतौर प्रमुख अतिथि 'सहमत' के प्रमुख एवं सुप्रसिद्ध साहित्यकार श्री राजेंद्र सहज, गोंदिया-आमगांव से नामी शायर श्री असीम आमगांवीं, गीतकार व नाट्य निदेशक श्री अशोक सागर, शायर-गीतकार डॉ. किशोर सोनवने 'अनीश', व्यंग्यकार श्री सुन्दर सुलभ, श्री चंद्रेश तूफानी, कवि श्री साहेबलाल सरल, व्यंग्य कवि श्री शैलेश 'शैल', श्री मनोज रामटेके, श्री लक्ष्मीचंद ठाकरे, कवि श्री किशोर सागर, गीतकार श्री प्रदीप दर्शन, कवयित्री श्रीमती नीलम हजारी, शिक्षिका श्रीमती प्रेमलता शैल सहित नगर के अनेक प्रबुद्ध साहित्यकार उपस्थित रहे।

असुविधा | ग्राहक एटीएम सेवा चार्ज देने के बाद भी इस सुविधा से वंचित

# भीषण गर्मी के बीच ठप पड़े एटीएम, भटक रहे ग्राहक

**जबलपुर, नवभारत।** शहर के पॉश इलाकों में लगे सरकारी बैंकों के एटीएम इन दिनों आउट ऑफ ऑर्डर चल रहे है। बात करे अगर कटंगा स्थित इंडियन बैंक के एटीएम की तो यह महीनों से ठप पड़ा हुआ है। सिर्फ इंडियन बैंक ही नहीं अन्य बैंकों के एटीएम भी मात्र शोपीस बनकर रह गए है वही ग्राहक एटीएम सेवा चार्ज देने के बाद भी इस सुविधा से वंचित है और भरी गर्मी में परेशान होने मजबूर हो चुका है। मालूम हो कि मंगलवार को उपभोक्ता कैश निकालने के लिए कटंगा इंडियन बैंक के एटीएम मशीन तक पहुंच रहे थे, लेकिन एटीएम मशीन का शटर गिरा हुआ था जिसके चलते कैश नहीं निकल सका। वही कैश निकासी न होने से उपभोक्ता एक दूसरे एटीएम मशीन पर चक्कर काटते देखे गए। शहर के नेपियर टाउन निवासी प्रमुख व्यवसाई ने बताया कि इंडियन बैंक का एटीएम और रसल चौक स्थित बैंक का एटीएम बंद हैं। कैश निकासी न होने से उपभोक्ताओं को दिक्कतें हो रही हैं।

### यहां महीनों से बंद हैं एटीएम

कटंगा स्थित इंडियन बैंक पर शाखा का एकमात्र एटीएम कई महीनों से बंद पड़ा है। मुख्यालय में वैसे तो कई बैंक हैं, लेकिन कटंगा में सिर्फ यही एक एटीएम है। मशीन बंद होने से ग्राहकों को भारी परेशानी हो रही है। पैसे निकालने के लिए लोगों को दूर-दराज के इलाकों में जाना पड़ रहा है। इससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी हो रही है। ग्राहकों ने बताया कि जब कभी एटीएम चालू होता है, तब भी उसमें नकदी नहीं मिलती या तकनीकी खराबी आ जाती है। एटीएम सेवा ठप होने से उपभोक्ता काफी परेशान हो रहे है। कई बार लोग खाली हाथ लौट जाते हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार बैंक प्रबंधन से भी शिकायत की, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। यह एटीएम छोटे व्यापारियों, बुजुर्गों और नौकरीपेशा लोगों के लिए काफी सहायक था। लंबे समय से बंद रहने के कारण सभी को दिक्कत हो रही है। लोग मांग कर रहे हैं सरकारी बैंक प्रबंधन जल्द से जल्द मशीनो की मरम्मत कराए या नया एटीएम लगाए, ताकि लोगो को राहत मिल सके।